# रजत पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले श्रीजी

## विमान महोत्सव : श्रद्धालुओं ने जगह-जगह उतारी आरती, विधायक सहित नपा प्रतिनिधि हुए शामिल

**नवभारत न्यूज**

**पिपरई।** नगर में जैन समाज के आराध्य संतों के पावन विमान (विहार) एवं श्रीजी की रजत पालकी के अवसर पर धर्म, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रात:काल जैन मंदिर से विधिवत पूजन-अर्चन, मंगलाचरण एवं प्रवचन के पश्चात रजत पालकी में विराजमान श्रीजी एवं संतों के विमान नगर भ्रमण हेतु निकले। जैसे ही विमान मार्ग पर आगे बढ़ा, जय जिनेंद्र के जयघोषों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस पावन अवसर पर नगर के विभिन्न मोहल्लों एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, युवा और बच्चे उपस्थित रहे। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पादप्रक्षालन, गहुली, पुष्पवर्षा तथा भक्ति गीतों के माध्यम से संतों एवं श्रीजी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, वहीं बाजार और गलियां धार्मिक ध्वज, तोरण और सजावट से सुसज्जित रहीं।



विमान निकलने से पूर्व मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। जिसमें समाज के वरिष्ठजनों ने संतों का वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि संतों का यह विमान आत्मशुद्धि, अहिंसा, संयम और त्याग का संदेश देता है। इस अवसर पर समाज ने धर्म, संस्कार और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।

**विमानजी में शामिल हुए विधायक एवं प्रतिनिधि:**

नगर में निकाले श्रीजी विमानोत्सव में क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यदाव और नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह लालू सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान जहां सभी ने आरती उतारी, तो वहीं पालकी में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित किया।



**धर्म से जुड़ना आसान नहीः**

विमान महोत्सव को संबोधित करते हुए पूज्य मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज ने कहा कि जीवन के प्रवाह में धर्म से जुड़ना आसान नहीं, इसके लिए सतत पुरुषार्थ आवश्यक है। यदि शुद्ध बन सकते हो तो शुद्ध बनो, क्योंकि शरीर का प्रसाद ही मानव साधना का आधार है। जैसे कपड़े की मैल साबुन से दूर होती है, वैसे ही शरीर और आत्मा के मेल को समाप्त कर आत्मशुद्धि की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मा परमानंद का अनुभव तब करती है, जब हम अहंकार का त्याग कर इंद्रियों को संयम में लाते हैं। वहीं मुनि श्री ने साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक दिन में कोई भी महान नहीं बनता। लंबी साधना, निरंतर प्रयास और अनुशासन से ही जीवन में प्रसन्नता आती है। उन्होंने बुद्धि के पांच प्रकार—कल्याण बुद्धि, कर्तव्य बुद्धि, कुंठित बुद्धि, कुपित बुद्धि एवं अन्य प्रकारों—पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके जीवन में प्रभाव को समझाया। तो वहीं जैन मंदिर में विराजित होने वाली प्रतिमा हेतु समाजजनों द्वारा उत्साहपूर्वक बोलियां लगाई गईं, जिनकी राशि लाखों रुपये तक पहुंची।




# जलापूर्ति व्यवस्था की वार्डवार समीक्षा, सफाई पर विशेष जोर

**अशोकनगर।** एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्त पोषित एमपीयूएसआईपी की उप परियोजना अंतर्गत नगर परिषद ईसागढ़, जिला अशोकनगर की जलावर्धन योजना के तहत गठित शिकायत निवारण समिति की बैठक नगर परिषद कार्यालय ईसागढ़ में आयोजित की गई। बैठक में नवीन जलापूर्ति योजना अंतर्गत की जा रही वार्डवार जलप्रदाय व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। समिति सदस्यों द्वारा संविदाकार प्रतिनिधि को जलप्रदाय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही समिति द्वारा नियमित अंतराल पर जल गुणवत्ता परीक्षण, पानी की टंकियों की समय-समय पर सफाई एवं सफाई की तिथि अंकित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जलप्रदाय से संबंधित आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## एक नजर में

### भक्ति के रंग में रंगा शहर, भागवत कथा से शहर में निकाली गई कलश यात्रा

**अशोकनगर।** धर्म और आस्था की नगरी अशोकनगर में आध्यात्मिक उत्साह का माहौल है। शहर के हृदय स्थल युगल सरकार मंदिर प्रांगण में आज, 23 जनवरी से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलमय शुभारंभ होने जा रहा है। इस ज्ञान यज्ञ के माध्यम से सुप्रसिद्ध कथा व्यास यशवंत मिश्रा (गोरा वाले महाराज) अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भक्ति रस का रसपान कराएंगे।

**कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाबः**

कथा के मंगल शुभारंभ के उपलक्ष्य में गुरूवार को शहर में एक ऐतिहासिक और भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो सुबह पंचमुखी हनुमान मंदिर से विधिवत पूजन के पश्चात शुरू हुई इस यात्रा में हजारों की संख्या में माताएं-बहनें सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थीं। तो वहीं डीजे, ढोल और बैंड-बाजों की मधुर धुनों पर थिरकते श्रद्धालुओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों—शनि देव मंदिर, अस्पताल चौराहा और महात्मा बड़ा रोड से होते हुए युगल सरकार मंदिर पहुँची। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

# बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों संग धरने पर बैठे विधायक

## अधिकारियों ने दिया आश्वासन, दो दिन में रखा जाएगा ट्रासंफार्मर, गामीण बोले नहीं हो रही थी सुनवाई

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** ग्राम जलालपुर में बिजली की समस्या से परेशान हो रहे ग्रामीणों द्वारा गुरूवार को विद्युत ट्रांसफार्मर के स्ट्रेक्चर के नीचे धरना दिया। तो वहीं इस धरने की जानकारी जैसे ही विधायक हरिबाबू राय को लगी तो वह भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए। वहीं विधायक के धरने पर बैठे होने की जानकारी जैसे ही विद्युत विभाग के अफसरों को लगी तो वह मौके पर पहुंचे और विधायक सहित ग्रामीणों को दो दिन में ट्रांसफार्मर रखने का आश्वासन दिया। जिसके बाद विधायक सहित ग्रामीण धरने से हटे।



दरअसल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जलालपुर तूमैन में नवीन डीपी की गंभीर समस्या को लेकर गुरूवार को विधायक इंजी हरिबाबू राय ग्रामवासियों के साथ स्कूल के पास डीपी के स्ट्रक्चर के नीचे धरने पर बैठ गए। इस दौरान ग्रामवासियों का कहना था कि डीपी की खराब स्थिति के कारण गांव में बार-बार बिजली बाधित हो रही है, जिससे पेयजल, बच्चों की पढ़ाई एवं दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक जी ने मौके पर ही धरना देकर बिजली विभाग का ध्यान आकर्षित किया। धरने की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के जेई महेश बारमटे मौके पर पहुंचे और विधायक एवं उपस्थित ग्रामवासियों से चर्चा की। इस दौरान जे.ई. द्वारा दो दिनों के भीतर नवीन डीपी स्थापित किए जाने का आश्वासन दिया गया। तो वहीं विभागीय आश्वासन के पश्चात विधायक की पहल और प्रशासनिक तत्परता से धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्ण रूप से समाप्त हुआ। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक हमेशा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करते हैं।

### शासकीय भवनों पर रोशनी करने के निर्देश

**अशोकनगर।** राज्य शासन ने 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों पर 25 एवं 26 जनवरी 2026 को रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था करने के दिशा-निर्देश दिये।

### गणतंत्र दिवस पर प्रभारी मंत्री करेगे ध्वजारोहण

**अशोकनगर।** 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तंरीय मुख्य समारोह में मध्य प्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्व्ज फहराएंगें एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेगें।

### 6 दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण संपन्न

**अशोकनगर।** एसबीआई आरसेटी अशोकनगर में 6 दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण का समापन हुआ। समापन के दौरान महिलाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले की 18 दीदियों ने अपनी पूरी सहभागिता दी। प्रशिक्षण समापन में जिला अग्रणी बैंक अशोकनगर के एलडीएम राजीव राय, आरसेटी डायरेक्टर आर आर वर्मा एवं आरसेटी स्टॉफ उपस्थिति रहा। कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं की एलडीएम राजीव राय द्वारा उनके रोजगार को लेकर बैंकिंग से जुड़े रहने के लिए उन्हें आईडी देकर रोजगार करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा उन्हें खुद सक्षम बनाकर डिजिटल एवं वित्तीय शक्तिकारण की एक नहीं दिशा में कदम रखने के लिए मार्गदर्शन दिया। साथ ही अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# विवेकानंद के विचार युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत : रघुवंशी

**ग्रामोदय से अभ्युदय अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न**

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड ईसागढ़ की नवांकुर संस्था रघुकुल सेवा समिति द्वारा गुरूवार को ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अंतर्गत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल, नईसराय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक सुशील बरूआ, मंडल अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष अनूप सिंह रघुवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रसेना भिड़े, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद अशोकनगर बद्री प्रसाद चौहान, विकासखंड समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक, परियोजना अधिकारी रजनी बालू एवं विद्यालय के प्राचार्य ओपी शिवहरे की उपस्थिति ने बढ़ाई।



इस दौरान विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र और ग्राम के विकास की आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से समाज, पर्यावरण एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान को जनभागीदारी का सशक्त माध्यम बताया। संभाग समन्वयक सुशील बरूआ ने युवा दिवस के अवसर पर 12 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम की अवधारणा, उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार यह अभियान ग्राम स्तर पर सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन रहा है। वहीं कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पंचायत नईसराय में कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रामेंद्र रघुवंशी को विधायक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# छात्र को बाइक पर जबरन ले गए बदमाश


**घटना से दहशत में छात्र व उसका परिवार**

**थाने पहुंचकर की सुरक्षा की मांग**

**नवभारत न्यूज**

**शाढौरा । नगर में कक्षा 12वीं के छात्र नितिन जाटव के साथ बदमाशों ने अपहरण जैसी घटना की हरकत की। बुधवार को उसे जबरन बाइक पर बिठाकर ले जाया गया, बाद में छोड़ दिया।**

लेकिन छात्र और परिवार अब दहशत में है। घटना के बाद कांग्रेस नेता रवि मोहने के साथ नितिन थाने पहुंचा और पुलिस से सुरक्षा की मांग की। नितिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाढ़ौरा में पढ़ता है। उसने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 19 जनवरी को कक्षा अध्यापिका के जन्मदिन पर स्कूल में समोसा पार्टी हुई थी। छात्रों ने इसकी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर डालीं। इसके बाद नितेश पाल पहाड़ा और राहुल अहिरवार सेजी से धमकी भरे फोन आने लगे। बुधवार को प्रभात कंप्यूटर के पास नितेश पाल ने नितिन को जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाया और 8- 10 अन्य युवकों के साथ कुंडलपुर की ओर ले गया। आरोप है कि उनका इरादा मारपीट करने का था। नितिन का एक दोस्त साथ था, जिसने तुरंत उसके भाई को सूचना दी। भाई के मौके पर पहुंचते ही आरोपियों ने नितिन को छोड़ दिया, लेकिन जाते हुए कहा, आज तो बच गया, कल नहीं बच पाएगा। अहिरवार समाज संघ के रवि मोहने ने कहा कि शाढ़ौरा बाजार में स्कूल छुट्टी के समय पुलिस तैनाती जरूरी है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आते हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने की जरूरत है। संगठन ने पुलिस से आपराधिक तत्वों पर कार्यवाही की मांग की है




**मांग** | **स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन**

# गर्ल्स स्कूल बनाए जाने की मांग तेज, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पानी की टंकी (विदिशा रोड) के सामने शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की खाली जमीन पर नगरपालिका द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को रोकने और विद्यालय की नवीन बिल्डिंग के निर्माण की मांग को लेकर अपर कलेक्टर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक देवेंद्र बिजोरे ने बताया कि बेहतर शिक्षा सभ्य समाज का निर्माण करती है, इसीलिए शिक्षा के उद्देश्य से इंसान बनाने के मकसद को लेकर ही देश के महापुरुषों ईश्वरचंद्र विद्यासागर, सावित्री बाई फुले, ज्योतिबा राव फुले ने नि:शुल्क शिक्षा हेतु विद्यालय खोले थे और सभी तक शिक्षा पहुंचने के लिए संघर्ष किया था। लेकिन शहर में ये बात उल्टी साबित हो रही हैं। स्कूल निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। कई बार ज्ञापन, प्रदर्शन, धरने, रैली निकालकर छात्रों, अभिभावकों एवं शहर के नागरिकों द्वारा प्रशासन को अवगत कराया गया । लेकिन अभी तक ध्यान नहीं दिया गया। यह शिक्षा विभाग और प्रशासन के उदासीन रवैए को दर्शाता है। उस विद्यालय की जगह पर नगरपालिका द्वारा व्यापारिक उपयोग हेतु अतिक्रमण करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पिछली बार सितंबर 2025 माह में कलेक्टर द्वारा नगरपालिका द्वारा किए गए अतिक्रमण पर रोक लगाकर आगे किसी भी तरह का अतिक्रमण न होने की बात कही थी और जल्द से जल्द नए एस्टीमेट के साथ राशि मंगाने और स्कूल बिल्डिंग निर्माण का आश्वासन दिया गया था। लेकिन उसके 4 महीने बाद भी कोई प्रक्रिया बढ़ती हुई नजर नहीं आ रही है। फिर से नगरपालिका उस जगह पर अतिक्रमण कर व्यापारिक उपयोग हेतु निर्माण कार्य कर रही है। यह बेहद निराशाजनक है। अगर स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य अतिशीघ्र शुरू नहीं हुआ तो यह आंदोलन बड़े स्तर पर होगा।




**जल्द शुरू किया जाए निर्माण:**

हम शहर के सभी नागरिकों से अपील करते हैं वह इस आवाज को जोर शोर से उठाने के लिए आगे आएं। ज्ञापन के माध्यम से पानी की टंकी (विदिशा रोड) के सामने शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की खाली जमीन पर नगरपालिक द्वारा अतिक्रमण कर किए जा रहे निर्माण कार्य को रोककर तुरन्त हटाया जाए। साथ ही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निर्माण हेतु लागत राशि को जल्द मंगाकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

# निशुल्क हृदय रोग शिविर में 12 बच्चे सर्जरी के लिए चिन्हित, जल्द होगा ऑपरेशन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** गुरुवार को मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत रघुवंशी युवा संघ एवं लाइंस क्लब अशोक नगर वेस्ट के सहयोग से निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन रघुवंशी धर्मशाला में किया गया । शिविर का शुभारंभ अपर कलेक्टर देवकीनंदन सिंह, सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन डॉ भूपेंद्र शेखावत, नोडल डॉ. जयकृत सिंह, समाजसेवी धर्मेंद्र रघुवंशी, संजय रघुवंशी द्वारा किया गया।




आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि शिविर में जन्म से 18 वर्ष तक के बाल हृदय से ग्रसित बच्चों की निशुल्क जांच मुंबई के नारायण हेल्थ अस्पताल के बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रतम सेन द्वारा की गई। शिविर में 52 बच्चों का पंजीयन कराया गया, जिनमें उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। तो वहीं जांच उपरांत 18 बच्चों को हृदय की सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया। जिनमें से 12 बच्चों की सर्जरी जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। 4 बच्चों का मेडिकल मैनेजमेंट भी किया गया ।

### कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

**मुंगावली।** अग्रवाल परिवार जैना मोटर्स स्टेशन रोड़ पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें भक्त नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों के भजनों पर झूमते नजर आए। तो वहीं कृष्ण जन्म की मनमोहक झांकियां भी देखने को मिली तो वहीं दीप भी जलाकर खुशियां मनाई गई।


## कार्यालय नगर पालिक निगम (यांत्रिकी शाखा) भोपाल

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 39/यां.वि./2026 — भोपाल, दिनांक 19/1/2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर है.

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_476009_1 | Construction of CC road work at Mughalpura in Ward No. 08 Zone No. 05 | 1627252/- | 16-Feb-2026 | 05:30 PM |

नोटः- संशोधन केवल वेबसाइट पर ही देखे जा सकेंगे. समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे.

नि.क्र. 3022/025/026

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल